# सुनाली (बड़कोट) से ज्येष्ठाड़ी, जिला उत्तरकाशी तक मोटर मार्ग के समरेखण स्थल की भूगर्भीय आख्या

1. **प्रस्तावना** :– निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बड़कोट द्वारा जिला योजना के अन्तर्गत सुनाली (बड़कोट) से ज्येष्ठाड़ी मोटर मार्ग, कुल लम्बाई 10.275 किमी0 का निर्माण प्रस्तावित है। अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बड़कोट के अनुरोध पर उक्त मार्ग के समरेखण स्थल का भूगर्भीय निरीक्षण, जियोलोजी, जियोमोरफोलोजी, स्लोप फॉरमिंग मेटिरियल, टेन्जेन्ट आफ द स्लोप एवं हाईड्रोलोजीकल (सरफेस एवं सबसरफेस) के आधार पर भू–तकनीकी ढलानों की स्थिरता एवं पर्यावरणीय स्थिति के अध्ययन हेतु किया गया। सम्बन्धित सहायक अभियन्ता श्री के0एस0 रावत एवं कनिष्ठ अभियन्ता अकबर शेख, उक्त मार्ग के भूगर्भीय निरीक्षण के समय उपस्थित थे, जिनको समरेखण के Selected स्थलों में निर्माण के समय होने वाली भू–तकनीकी समस्याओं के निवारण की जानकारी दी गई।

2. **स्थिति** :– उक्त मार्ग का निर्माण नौगांव राजगढ़ी मोटर मार्ग से शुरू होकर ब्रांच रोड़ के रूप में प्रस्तावित है। नौगांव राजगढ़ी मोटर मार्ग से 2.50 किमी0 सुनाली गांव तक पूर्व में मोटर मार्ग स्वीकृत एवं निर्माणधीन है। उपरोक्त मार्ग का निर्माण सुनाली से आगे 10.00 किमी0 ज्येष्ठाड़ी पौड़ी तक होना है। मार्ग का मुख्य लक्ष्य अनुसूचित ग्रामों को मुख्य मार्ग से जोड़ना है, जिसकी आबादी लगभग 1500 है। जनपद का यह हिस्सा अत्यन्त पिछड़ा तथा विकास की दृष्टि से काफी दूर है। क्षेत्र में फल सब्जी का उत्पादन होता है काश्तकार अपने उत्पादन को हैडलोड तथा खच्चरो से मुख्यमार्ग तक पहुँचाते है।

3. **भूगर्भीय स्थिति** :– प्रस्तावित समरेखण स्थल बड़कोट के समीप यमुना नदी के दाहिने तट के ढालों पर स्थित है। यह क्षेत्र हिमालय के गढ़वाल लेसर हिमालया (Lesser Himalaya) में स्थित है, जिसमें मुख्यतः तेजम एवं डामटा ग्रुप के शैल, जोकि fine to medium granied muddy quartzits (subgreywacke to sublitharenite ) of cream white, pink, puple, gray & browm colours with massive & thinly bedded slates विद्यमान है। इस क्षेत्र में राजगढ़ी–यमुना tectonic lineament , जिसकी लम्बाई लगभग 20 किमी0 है तथा इसका trend $N060^0$ E- $S060^0W$ है, समीप से गुज़रता है तथा इसमें यमुना नदी बहती है। यमुना नदी की सहायक नदियां इसमें shrap angle बनाते हुए मिलती है, जोकि Neotectonic activity द्वारा प्रभावित प्रतीत होती है। समरेखण स्थल के ढाल प्रारम्भिक स्थान से अन्तिम स्थान तक $35^0$ से $60^0$ के कोण पर झुके हुए है, जिनका orientation $N060^0$ से $N110^0$ दिशा में है। यह ढाल 1.00 मी0 से 3.00 मी0 की मोटी ओवर बर्डन मैटेरियल से निर्मित है।

P/C attested.
attested.
16/4/09